| | | |
|---|---|---|
| PUBLICATION | | Navabharat |
| DATE | | October 09th, 2018 |
| PAGE NO | | 04 |
| Edition | | Pune |

# 'साई-फाई ट्राफी' के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

संवाददाता

**पुणे.** आईटी सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाली कंपनी क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड की सीएसआर शाखा क्विक हील फाउंडेशन, थिएटर एकेडमी और महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने साई-फाई करंडक के 2018 संस्करण के लिए पूरे महाराष्ट्र से प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं. वन-एक्ट-प्ले की प्रतियोगिता साई-फाई करंडक का लक्ष्य समसामयिक थिएटर के जरिये साइबर सिक्योरिटी के संबंध में जागरुकता बढ़ाना है. साई-फाई करंडक 2017 की सफलता पर ही नए संस्करण की आधारशिला रखी गई है, जिसमें समूचे महाराष्ट्र से 100 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया था.

■ क्विक हील फाउंडेशन और थिएटर एकेडमी महाराष्ट्र साइबर पुलिस के साथ मिलकर साई-फाई करंडक के नए संस्करण का आयोजन कर रहे हैं. ख्यात थिएटर पेशेवर श्री प्रसाद पुरंदरे की अध्यक्षता वाली थिएटर एकेडमी की जिम्मेदारी राज्य के कोने-कोने के क्षेत्रीय केंद्रों से टीमों का चुनाव करने की रहेगी. यह टीमें विचारोत्तेजक सम-सामयिक नाटक प्रस्तुत करेंगी जिसके जरिये कोशिश डिजिटल दुनिया में जिंदगी की परछाई पर नजर डालने की होगी. साई-फाई करंडक, क्विक हील फाउंडेशन और महाराष्ट्र राज्य पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो साइबर सिक्योरिटी के प्रति जागरुकता के जरिये डिजिटल दुनिया को सुरक्षित बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं.

■ कॉलेजों, स्वतंत्र समूहों और थिएटर एसोसिएशन की प्रविष्टियों को 15 नवंबर, 2018 तक स्वीकार किया जाएगा. प्रतिभागी टीमों का थिएटर सर्कल में रजिस्टर्ड समूह होना आवश्यक है. साई-फाई करंडक 2018 में भाग लेने के लिए प्रतियोगिता के बारे में क्विक हील टेक्नोलॉजी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश काटकर ने कहा, "साई-फाई करंडक की शुरुआत हमारी सीएसआर शाखा, क्विक हील फाउंडेशन के कामों को बढ़ावा देने के लिए की गई थी, जो देश में सामुदायिक कल्याण, शिक्षा और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए कार्यरत है.